संख्या-16/3005/92-2014-17एम/2007

प्रेषक,

शिशिर कुमार यादव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 21 जुलाई, 2014

विषय :- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-संतरविदासनगर (भदोही) के कार्यालय भवन के किराये की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या- 4541/ग्रा0अ0वि0/बजट/का0भ0कि0/2013-14, दिनांक 06-01-2014 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-संतरविदासनगर (भदोही) के कार्यालय भवन, जिसका कुल कारपेट एरिया 1549.00 वर्गफिट है, का किराया रू0-3.73 प्रति वर्गफिट की दर से दिनांक 01-7-2012 से दिनांक 30-6-2017 तक की अवधि के लिये रू0-5,778.00 (रूपये पॉच हजार सात सौ अठत्तर मात्र) प्रतिमाह की दर से भुगतान किये जाने की स्वीकृति/अनुमति प्रदान की जाती है।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-03-ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग-17-किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व" के नामें डाला जायेगा।

भवदीय,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

संख्या-16/3005(1)/92-2014-तददिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3- जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, संतरविदास नगर (भदोही)।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी।

5- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,प्रखण्ड-संतरविदास नगर (भदोही)।

6- श्री रवीन्द्र नाथ त्रिपाठी, (भवन स्वामी) पटेल नगर, चकरोड, ज्ञानपुर, संतरविदास नगर (भदोही)।

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in